बिना अनुमति बिठली सरपंच-सचिव ने करवाया अवैध उत्खनन

बालाजी मेटल्स के संचालक की पोकलेन मशीन से हुई खुदाई

नव भारत फालोअप



लापरवाही | ग्राम बिठली में तालाब बनाने की तैयारी, सरपंच ने अपनाया तानाशाही रवैया, किसानों को पानी देना किया बंद

तालाब गहरीकरण के नाम पर पत्थर चोरी करवाने की फिराक में सरपंच-सचिव

ग्रामीणों की आपत्ति देख बौखलाये सरपंच

पहले से मौजूद है खाईनुमा तालाब

ग्रामीणों की प्रशासन से मांग

सिवनी नवभारत। बिठली पंचायत में बिना अनुमति हो रहा अवैध उत्खनन अब बड़े घोटाले का रूप ले चुका है। जंगल क्षेत्र में पोकलेन से गहरी खुदाई ने सरकारी जमीन पर निजी मुनाफे का खेल खुलकर सामने ला दिया है। ग्रामीणों के भारी विरोध और आक्रोश के बावजूद जिम्मेदारों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। तालाब निर्माण के नाम पर चल रही इस संदिग्ध गतिविधि ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है।

सिवनी मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत बिठली के राघादेही गांव में सरपंचझ्रसचिव की मिलीभगत से शासकीय भूमि पर अवैध उत्खनन का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब निर्माण के नाम पर बालाजी मेटल्स के पार्टनर केशव अग्रवाल को लाभ पहुंचाने की पूरी साजिश रची गई है। बिना अनुमति पोकलेन मशीन से बड़े झाड़ के जंगल क्षेत्र में गहरी खुदाई होने पर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया है।

जिस पोकलेन मशीन से हुई खुदाई क्या उस पर होगी जप्ती की कार्यवाही

ग्राम पंचायत बिठली केराघादेही में बड़े झाड़ के जंगल में बिना अनुमति के सरपंच सचिव एवं बालाजी मेटल्स के संचालक केशव अग्रवाल द्वारा शासन के नियमों को ताक में रखकर विवादित तालाब के ऊपरी हिस्से में पोकलेन मशीन से उत्खनन करने का एक वीडियों सामने आया है जिसमें अब जिला प्रशासन के अधिकारी सहित खनिज अधिकारी पर भी प्रश्न चिन्ह लगते दिखाई दे रहे जिसमें मिलीभगत होने की भी आशंका जताई जा रही है तभी तो शिकायत शिकवे के बावजूद भी बिना अनुमति के उत्खनन किया गया है। अब देखना यह होगा कि इस पूरे मामले में क्या पोकलेन मशीन की जप्ती कर हुए अवैध उत्खनन में जुर्माना लगायेगी या... !

निजी मुनाफे के लिए सरकारी जमीन का दुरुपयोग

ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पूरे मामले की जड़ में सरपंच, सचिव, क्रेशर संचालक और बालाजी मेटल्स के पार्टनर केशव अग्रवाल का गठजोड़ शामिल है। ग्रामीणों के अनुसार तालाब निर्माण सिर्फ एक दिखावटी बहाना है—असल उद्देश्य सरकारी जमीन से बड़े पैमाने पर पत्थर निकालना और उन्हें क्रेशर तक पहुंचाकर निजी आर्थिक लाभ कमाना है। स्थानीय लोगों का दावा है कि यदि प्रशासन ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया, तो यह अवैध उत्खनन क्षेत्र की भूमि, पर्यावरण और जनसुरक्षा के लिए बड़ा खतरा साबित होगा।

> **सरपंच/सचिव पर गंभीर आरोप**
> ग्रामीणों के अनुसार पटवारी हल्का नंबर 107 के खसरा 34 में कुल 10.74 हेक्टेयर में से 1.40 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर तालाब निर्माण की अनुमति ली जा रही है, जबकि वहां पहले से ही गहरी खाईनुमा तालाब मौजूद है। ग्रामीणों ने बताया—पुराने तालाब को और गहराई में धकेला जा रहा है। दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ेगा। उत्खनन का उद्देश्य पत्थरों को निकालकर निजी लाभ कमाना है

ग्रामवासियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट कहा है कि खसरा नंबर 34 पर प्रस्तावित उत्खनन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना अनुमति और बिना जनसहमति के किए जा रहे उत्खनन से मानव जीवन, पशुधन और पर्यावरण को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि मौके का तुरंत मैदानी निरीक्षण किया जाए, अनुमति को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए और इसमें संलिप्त सरपंच, सचिव तथा क्रेशर संचालक पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

दहशत में गांव—प्रशासन की चुप्पी

गांव में अवैध उत्खनन से फैली दहशत लगातार बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पोकलेन से बनी गहरी खाई किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकती है, जिससे मानव जीवन और पशुधन दोनों जोखिम में हैं। जंगल क्षेत्र का प्राकृतिक संतुलन भी प्रभावित हो रहा है और सरकारी जमीन का नुकसान लगातार बढ़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि ग्रामीण अब जिला प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी या फिर प्रशासन की खामोश निगरानी अवैध उत्खनन को ही बढ़ावा देती रहेगी?

जिले में रेत माफिया कर रहे शाति भंग : मरावी

सिवनी नवभारत। भाजपा के संरक्षण में अपराधियों के हौसले बुलंद है सिवनी जैसी शांत जगह में बाहुबली गोली चलाने से भी नहीं डर रहें है, सिवनी जिले के उगली थाना क्षेत्र में रेत मॉफिया द्वारा डर और दहशत पैदा करने के उद्धेश्य से एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि चाल चरित्र और चेहरे वाली पार्टी में आज शराब मॉफिया, जुआ खिलाने वाले, पुलिस की दलाली करने वाले, रेत मॉफिया, भू-मॉफिया, पार्टी के टॉप नेताओं में उनका शुमार है, क्योंकि ऐसे लोगो को भाजपा पूरी तरह शासन-प्रशासन से बचाव करती है, शासन प्रशासन इन पर सत्ता के दबाव में कार्यवाही करने से डरता है।

अभी कुछ दिन पूर्व बालाघाट माल खाने की राशि के संबंध में बालाघाट पुलिस जब भैरोगंज पंहुची तो नगर के भाजपा के नेता उस अपराधि का बचाव करते हुये सत्ता का धौंस बताते हुये, बालाघाट पुलिस को बैरंग वापस लौटा दिया। वही दूसरी ओर अनेक बे-कसूरो पर फर्जी मुकदमे बनाकर उनके घर बुलडोजर से गिराने का काम किया है अपराधों में भाजपा नेताओं का नाम आते ही इनका बुलडोजर कहॉ चला जाता है यह समक्ष से परे है।

श्री मरावी ने कहा कि भाजपा के इस व्यवहार से सिवनी नगर में अपराधिक गतिविधियॉ बढ़ गई है हर अवैधानिक काम करने वाले को पूरी तरह भरोसा हो गया है कि भाजपा में जाकर हमारे अवैध व्यवसाय को पूर्ण संरक्षण मिलेंगा, यही कारण है कि केन्द्र से लेकर राज्य और जिले तक जितने भी भ्रष्टाचारी, खनिज मॉफिया, भू-मॉफिया, बलात्कारी, हत्यारे, शराब मॉफिया भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहें है भाजपा में शामिल होने के बाद सरकारे उनके उपर बनाये गये प्रकरणों को वापस लेने का काम कर रही है। भाजपा की यही गतिविधियॉ रही तो मध्यप्रदेश और सिवनी में भी बिहार, यूपी जैसे हालात पैदा होने में ज्यादा समय नहीं लगेंगा।

एक नजर में

करंट लगने से युवक की मौत

छपारा। नगर के तकिया वार्ड में विगत 20 नबंम्बर की शाम अपने निर्माणाधीन मकान में तराई करने गए एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई इस हादसे ने तकिया वार्ड सहित नगर में शौक की लहर दौड़ गई घटना के समय मौके पर मृतक बालक की मां थी जिन्होंने पुत्र को करंट से बचाव करने का भरसक कोशिश की परंतु कुछ ही क्षणों में बालक निश्तेज अवस्था में पहुंच गया घटना गुरुवार को शाम की शाम लगभग 6-15 बजे की है जहां 22 वर्षीय युवक हर्ष रजक पिता श्री राम रजक तकिया वार्ड में अपने निर्माणाधीन मकान जो लेंटर हाईट तक पहुंच चुकी दीवार पर पानी की तराई सिंचाई करने अपनी मां के साथ गए हुए थे जहां लेंटर के लिए सेंटिंग की बलियां लगी हुई थी वहां पानी के लिए मोटर पंप की बिजली के बायर में फैले करंट ने युवक को चपेट में ले लिया वहां समीप में उपस्थित मां ने हर्ष को बचाव भी किया और आस-पड़ोस में सहायता के आवाज लगाई तब करंट लगने से बेहोशी की हालत में हर्ष को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दो पहिया वाहन से लेकर आया गया जहां जांच के बाद स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया असमय हुई अल्प आयु में मौत से तकिया वार्ड सहित नगर शौक में डूब गया।

108 वर्ष की आयु में सेठानी रज्जी बाई जैन का निधन

सिवनी। अपने समय के जाने माने नगर के प्रतिष्ठित नागरिक कास्तकार, व्यवसायी व जैन समाज के प्रतिष्ठित सदस्य स्वर्गीय सेठ दम्मू लाल जी की धर्म पत्नि एवं कीर्ती फोटो कॉपी के संचालक सेठ प्रभात जैन एवं सेठ सुनील जैन की माता जी श्रीमती सेठानी रज्जी बाई जी का 108 वर्ष की शतधिक वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया। उल्लेखनीय है कि अपने पूरे दीर्घ जीवन मे 2 पुत्र एवं 5 पुत्रियो सहित चार पीढीयो का प्रतिनिधित्व करने वाली सेठानी अत्यंत धर्म परायण महिला रही है .उनके सेठ परिवार द्वारा निर्मित दो जिन मंदिर सिवनी में एवं एक जिन मंदिर नरसिंहपुर में प्रतिष्ठित है

बाघ के हमले से 55 वर्षीय व्यक्ति घायल

सिवनी। कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रमली में गुरुवार की शाम को एक चरवाहा को बाघ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। बाघ के द्वारा किया जा रहा इस प्रकार का हमला इन दोनों काफी बढ़ गया है। इंसानों पर हो रहे हमले से ग्रामवासियों में दहशत बनी हुई है। वहीं आसपास के ग्रामवासियों ने मांग किया है कि उक्त क्षेत्र में फेंसिंग कार्य किया जाए। दक्षिण सामान्य वनमंडल के वन परिक्षेत्र कुरई में बाघ के हमले से चरवाह गंभीर रूप से घायल हो गया। वन परिक्षेत्र कुरई के रेंजर राहुल घारू ने बताया कि गुरुवार की शाम को पिपरिया बीट के ग्राम रमली कंपाउंड नंबर पीएफ 264 में रमली निवासी चरवाहा रतन (65) पिता तलसीराम अडबे ग्वाली मवेशी चराते हुए जंगल चला गया। उस पर बाघ ने हमला कर दिया। चरवाहा की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उन्होने देखा की रतन को बाघ घसीटते हुए ले जा रहा है। ग्रामीणों को देख बाघ उसे छोडकर वहां से चला गया। सूचना पर वन अमला मौके पर पहुंचा। घायल को कुरई स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि रतन खेत में मवेशी चरा रहा था, तभी उस पर बाघ ने हमला कर घसीटते हुए जंगल क्षेत्र में ले गया। फिलहाल वन विभाग ने ग्रामीणों से जंगल क्षेत्र में न जाने की अपील कर सुरक्षा की दृष्टि घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर गश्त कर रही है।

पूर्व विधायक का ही नाम वोटर लिस्ट से गायब

सिवनी नवभारत। बरघाट विधानसभा के राजनीतिक इतिहास में लगातार 2003, 2013, 2018 और 2023 — चार बार चुनाव लड़ चुके पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोड़िया का नाम 2003 की वोटर लिस्ट से रहस्यमयी तरीके से गायब पाया गया है। सबसे हैरान करने वाली बात कि निर्वाचन अधिकारियों से शिकायत के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। पूर्व विधायक श्री काकोड़िया ने कहा अगर एक पूर्व विधायक का नाम वोटर लिस्ट से गायब हो सकता है, तो आम जनता का क्या हाल होगा? यह सिर्फ मेरा मामला नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सुरक्षा का सवाल है। उन्होंने इसे व्यक्तिगत मुद्दा न मानते हुए कहा कि यह आम नागरिकों के अधिकारों से जुड़ा गंभीर मामला है और मीडिया और जनता से जागरूकता बढ़ाने की अपील की। वोटर लिस्ट में गड़बड़ी केवल एक गलती नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है। सवाल यह है—जिन्होंने 20 साल से चुनाव लड़ा, उनका नाम कैसे गायब हो गया? और बड़ा सवाल—कितने और नागरिकों के नाम इस तरह हटाए गए होंगे?

एक ही परिवार के दो शिक्षक के निधन से शोक की लहर



गणेशगंज नव भारत। लखनादौन विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम बाम्हनवाड़ा में एक ही परिवार के दो शिक्षकों के अचानक निधन होने से शिक्षा जगत ,परिवारजनों सहित स्थानीय ग्राम बाम्हनवाड़ा तथा क्षेत्रवासियों में शोक व्याप्त है। विदित हो बाम्हनवाड़ा निवासी श्री भगतराम सर्वे जो कि लखनादौन अंग्रेज़ी पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में अधीक्षक थे जिनका 19 नवंबर को अचानक निधन हो गया था जिनका स्थानीय मोक्षधाम बाम्हनवाड़ा में अंतिम संस्कार किए दो दिन भी नहीं बीते की परिवार के ही सदस्य शिक्षक श्री सुरेश सर्वे जो कि धोरिया माध्यमिक शाला में पदस्थ थे जिनका 20 नवंबर रात्रि लगभग 11 बजे अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया ।जिनका भी अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम ग्राम बाम्हनवाड़ा में 21 नवंबर शुक्रवार को संपन्न हुआ। जिसमें परिवार जन स्थानीय तथा आसपास क्षेत्रवासियों के साथ शिक्षा विभाग के स्टॉप शामिल हुए।

आज सिवनी आएंगे प्रवीण भाई तोगड़िया

सिवनी नवभारत। हिंदू महासम्मेलन विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम ,सिवनी नगर में समय 2 बजे दोपहर से 4 बजे तक राशि लॉन, बारापत्थर सिवनी में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संगठन प्रमुख राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दु हृदय सम्राट डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया का प्रखर उद्बोधन हिंदु ही आगे हिंदु एकता जैसे विषयों पर रहेगा। जिला अध्यक्ष ने समस्त नागरिकों से विनम्र अनुरोध हे कि कि कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देकर इस जनहितकारी कार्य को अधिक से अधिक लोगो तक पहुँचाने में सहयोग करे।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय भारद्वाज भाजपा में शामिल

सिवनी नवभारत। कांग्रेस पार्टी के पूर्व वरिष्ठ जिलाध्यक्ष, नगर पालिका के पूर्व प्रत्याशी एवं चंद्रशेखर आजाद वार्ड, सिवनी के पूर्व पार्षद, सनातन धर्म रक्षक हिंगलाज सेना के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं तिलक शाखा के स्वयं सेवक रहे। संजय भारद्वाज ने भारतीय जनता पार्टी संगठन की राष्ट्रहित सर्वोपरि जैसी अनेक रीतिङ्कनीतियों एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित प्रेरित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के हाथों ग्रहण की।ज्ञातव्य होवे कि संजय भारद्वाज पिता स्व.ठा. तुलसीराम सिंह भारद्वाज जनसंघी थे, उन्होंने जनसंघ से दियाङ्कबाती चुनाव चिन्ह से चुनाव भी लड़ा था। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सुमेर सिंह सोलंकी एवं बालाघाट सिवनी सांसद भारती पारधी जी विशेष रूप से उपस्थित थे।संजय भारद्वाज ने भाजपा कार्यालय, सिवनी में सदस्यता ग्रहण की। जिसमें बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्तागण, निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण सहित सिवनी जिला के शीर्षस्थ, वरिष्ठ, ज्येष्ठ एवं छोटे से लेकर बड़े तक सभी पदाधिकारीकरण उपस्थित थे। संजय भारद्वाज के सदस्यता ग्रहण करने की खबर सुनकर उनके सुख-दुख के साथी कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रहे वरिष्ठ नेता, किसान ध्वज वाहक एवं गोरखपुर के मालगुजार ठा. प्रदीप सिंह बैस ने भी कांग्रेस की सदस्यता से त्यागपत्र देकर आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का निर्णय ले लिया है। आप दोनों का भारतीय जनता पार्टी में हार्दिक स्वागत है, हार्दिक वंदन है। भारतीय जनता पार्टी परिवार में सम्मिलित होने से मुझे व्यक्तिगत रूप से मजबूती प्रदान होगी।

छपारा में नेकी की दीवार की शुरुआत

छपारा नवभारत। गत दिवस 20 नबंम्बर को खबर प्रकाशित करने के बाद शुक्रवार से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिराहा के समीप स्थित जनपद पंचायत छपारा एवं नगर परिषद छपारा के द्वारा जिला प्रशासन की ओर से नेकी की दीवार एक पहल के नाम से जनहित में शुरू किया गया अभियान अब फिर से शुरू हो गया है जहां इच्छुक लोग अपने घरों से साफ सुथरे वस्त्र,गर्म ऊनी कपड़ों एवं अनुपयोगी चींजों को वहां पहुंचा सकते हैं जिन्हें जरुरतमंद वहां से अब ले सकते हैं। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में सिवनी तत्कालीन कलेक्टर डॉ राहुल हरिदास फटींग के निर्देशन में आनंदम संस्थान को जनपद पंचायत छपारा एवं नगर परिषद छपारा को नेकी की दीवार एक पहल अभिनव एवं जनहितैषी अभियान की नीव रखी गई थी जिसमें सिवनी सहित अन्य नगर क्षेत्र में इस अभियान से इच्छूक सक्षम नागरिक जिनके पास अनुपयोगी चीजें खाना, खिलौने, पुरानी किताबें, जुते,गरम कपड़े, आदि सामग्री साफ-सुथरी एवं अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया जाए जिन्हें जरुरतमंद वहां से लेकर उनका इस्तेमाल कर सकते हैं।

किसानों ने देखा हाइब्रिड फसल का उत्पादन

सिवनी नवभारत। कुरई तहसील के ग्राम चक्की खमरिया में शुक्रवार को पायोनियर कंपनी ने फसल कटाई दिवस आयोजित किया, जिसमे क्षेत्र के 115 किसान शामिल हुए। फसल कटाई दिवस में खरीफ मक्का हाइब्रिड पी 34104 की फसल का प्रदर्शन कार्यक्रम किसानों के बीच रखा गया। कार्यक्रम में किसानों ने खेत में तैयार की गई फसल का निरीक्षण किया। कंपनी प्रतिनिधि हरिओम मिश्रा ने गहानी कराई। किसानों ने फसल का उत्पादन देखकर हाइब्रिड की सराहना की। पी 34104 किस्म में अधिक दाने होते हैं और भुट्टा भारी होता है जिससे दानों का वजन अच्छा मिलता है। कम नमी की स्थिति में भी बेहतर उपज प्राप्त होती है। यह हाइब्रिड 110-115 दिन में पककर तैयार हो जाती है। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी यह अच्छा प्रदर्शन करता है। कंपनी किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और मार्केट सपोर्ट प्रदान करती है। जिससे किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त होने की संभावना अधिक रहती है। किसानों ने कार्यक्रम के प्रति उत्साह जताते हुए अगले सीजन में पी 34104 को अधिक रकबे में लगाने का फैसला किया है। कंपनी ने कार्यक्रम में दो नए हाइब्रिड पी 35105 और हाइब्रिड सरसो 45-46 की भी जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में किसान संतोष सिंह चंदेल का कहना है कि इस तरह के कार्यक्रम क्षेत्र में लगातार आयोजित होते रहने चाहिए। जिससे किसानों को अपनी फसलों के लिए विभिन्न मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

इस कार्यक्रम में विक्रेता चौरसिया ट्रेडर्स चक्की खमरिया, अधिकारी हरिओम मिश्रा, कर्मचारी प्रफुल्ल चौधरी व आकाश मालवी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।